श्रीमती ज्योति देवी (बाराचट्टी), माननीया स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या–18/2/2078 से उद्भूत आश्वासन संख्या–696/26 का अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन

प्रश्न	आश्वासन	अद्यतन कार्यान्वयन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–		
क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला अंतर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड में मुहाने नदी पर प्रस्तावित बरंडी वीयर सिंचाई परियोजना के स्वीकृति की दिशा में अब तक कार्य नहीं किया गया है जबकि मैंने सदन को 2013 से इस विषयक अवगत करा रही हूँ, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सुखाड़गस्त क्षेत्र बाराचट्टी के बरंडी वीयर सिंचाई योजना को कबतक स्वीकृति देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि :– महोदय, माननीय सदस्या को उत्तर से संतोषजनक नहीं है, तो सदस्या महोदया को संतोष दिलाने के लिये सरकार ने एक वैकल्पिक योजना बनाई है। चूंकि उनका जो सुझाव था वह तकनीकी रूप से संभाव्य नहीं था, न व्यवहार्य था। चूंकि इसमें भी वही बात है जहां से पानी ले जाने की बात है, जहां ले जाने की बात है वह जगह ऊंची है इसलिये नहर से तो पानी जा नहीं सकता है। लेकिन माननीय सदस्या के संतुष्टि के लिये हमलोगों ने एक वैकल्पिक योजना बनाई है कि पानी को लिफ्ट करके और अलग स्टोर करके वहां से पाईप के माध्यम से पानी इन इलाकों में पहुंचाया जायेगा। हमलोग उस पर काम कर रहे हैं।	वस्तुस्थिति यह है कि :– गयाजी जिलान्तर्गत बाराचट्टी प्रखण्ड के मुहाने नदी पर प्रस्तावित बाराण्डीह वीयर सिंचाई परियोजना से सिंचाई हेतु पानी को पम्प के माध्यम से लिफ्ट कर पाईप के द्वारा गोआत पईन एवं गोपाल खेरा पईन में पानी दिया जाना है। उक्त परियोजना के निमित जल की उपलब्धता की गणना की जा रही है। जल उपलब्धता की गणना के आधार पर सिंचाई संबंधित अवयवों को समाहित करते हुए डी० पी० आर० तैयार किया जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :– 26/वि0स0–05–04/2026 पटना/दिनांक .....

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना के पत्रांक–1600 दिनांक–16.06.2026 के आलोक में तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2078 से उदभूत आश्वासन सं0–696/26 का अनुमोदित उत्तर प्रतिवेदन पाँच प्रतियों सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–04 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपि : उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–04 / 2026 पटना / दिनांक :.....

प्रतिलिपि : अधीक्षण अभियंता, यो0 एवं मो0 अंचल–03, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक :– 26 / वि0स0–05–04 / 2026 5986 पटना / दिनांक : 13/10/2026

प्रतिलिपि : प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना एवं कार्यपालक अभियंता आई0टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/10/26
(अनिल कुमार पाण्डेय)
सरकार के उप सचिव